प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 11.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आज शाम रांची पहुंचेंगे। अपने दौरे के पहले दिन वे राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह सचिव वंदना डाडेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता और राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के साथ बैठक करेंगे और चुनाव प्रक्रिया को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। अगले दिन यानी कल वे रामगढ़ के रजरप्पा में बैठक करेंगे, जिसमें स्थानीय वॉलेंटियर्स मौजूद रहेंगे। 13 अप्रैल को उनके हाथों बेहतर काम करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जायेगा।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने सिदो–कान्हू मुर्मू जयंती के अवसर पर भोगनाडीह स्थित सिदो–कान्हू पार्क में श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सिदो–कान्हू, चांद–भैरव और वीरांगना फूलो–झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने देवघर के कुशमाहा स्थित आवास पहुंचकर पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख के दिवंगत पिता स्वर्गीय हरिशंकर पत्रलेख को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री और विधायक ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया।

*******************

पद्म पुरस्कार–2026 के लिए नामांकन इस वर्ष 31 जुलाई तक खुले हैं। पुरस्कार विजेताओं के नाम गणतंत्र दिवस 2026 को घोषित किए जाएंगे। नामांकन की प्रक्रिया 15 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। गृह मंत्रालय ने बताया है कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाएं केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी।

*******************

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल अंतर्गत गोंदिया स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 29 अप्रैल से 6 मई तक कई ट्रेनें विभिन्न तिथियों में रद्द रहेंगी। रांची रेल मंडल से होकर चलने वाली हैदराबाद–रक्सौल, चर्लपल्ली–दरभंगा, वास्को द गामा–जसीडीह और मालदा टाउन–सूरत रूट की ट्रेनें प्रभावित होंगी। रेलवे ने यात्रियों से वैकल्पिक व्यवस्था करने की अपील की है। रद्द ट्रेनों की तिथि और विवरण रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

*******************

साहिबगंज जिले के प्रगतिशील किसानों को नगदी फसलों में सहायता देने के लिए उद्यान कार्यालय कार्य कर रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

खूंटी और अड़की थाना पुलिस ने 4 अप्रैल को बरामद अज्ञात शव की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अब्राहम समद, मंगरा मुंडा और रोशन सांगा शामिल हैं, जो खूंटी और अड़की थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके पास से हत्या में इस्तेमाल की हुई बाइक, कपड़े और पत्थर भी बरामद किए हैं। डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की और अड़की तथा खूंटी थाना के संयुक्त अभियान से आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

*******************

घरेलू शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी, आज दोपहर के कारोबार में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अब से कुछ देर पहले सेंसेक्स एक हजार 364 अंक बढ़कर 75 हजार 211 पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 448 अंक की वृद्धि के साथ 22 हजार 847 पर था।

*******************

मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार झारखंड के उत्तर–पूर्वी एवं दक्षिण–पूर्वी जिलों में अगले दो दिनों तक तेज़ हवा और धूल भरी आंधी की संभावना है। 12 और 13 अप्रैल को कुछ स्थानों पर 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवा चलने की चेतावनी दी गई है। 11 से 15 अप्रैल तक राज्यभर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, हालांकि आंशिक बादल छाने और तेज़ गर्मी का असर बना रहेगा।

*******************

बेंगलुरु के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में 21 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित अंडर–19 महिला हाई परफार्मेंस कैंप के लिए झारखंड की अनंदिता किशोर और अनुष्का परमार का चयन किया गया है। बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के हेड कोच पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी वीवीएस लक्ष्मण द्वारा जेएससीए के सचिव को इस संबंध में पत्र भेजा गया है।

*******समाप्त*******